# इलेक्ट्रिक वाहनों के कल-पुर्जे सस्ते होंगे

**तैयारी**

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर इस्तेमाल किए जाने वाले कंपोनेटेंस पर जीएसटी तर्कसंगत बनाने की तैयारी में है। मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सरकार ने मौजूदा 18 फीसदी की दरों को घटाने से जुड़े प्रस्ताव मंगाए हैं और भविष्य में इसे जीएसटी काउंसिल की बैठक में चर्चा के बाद घटाया जा सकता है।

मौजूदा समय में इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर जीएसटी दर 5 फीसदी है। वहीं इनमें इस्तेमाल होने वाले कंपोनेंट्स पर 18 से 28 फीसदी तक जीएसटी लगता है।

भारी उद्योग मंत्रालय के सामने इलेक्ट्रिक गाड़ियों के कंपोनेंट्स बनाने वाली कंपनियों के संगठनों की तरफ से इस बारे में प्रेजेंटेशन दी गई थी और जीएसटी दर कम करने की मांग की थी।

मंत्रालय के अधिकारियों ने इस बारे में विस्तार से प्रस्ताव तैयार करने को कहा है।